# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (20.03.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 20.03.2025, PAGE-08**

# बीआरएबीयू में सीनेट की बैठक अब 12 अप्रैल को

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में सीनेट की बैठक अब 12 अप्रैल को होगी। पहले यह बैठक 27 मार्च को होनी थी। 28 मार्च तक विधानमंडल की बैठक होने के कारण सीनेट की बैठक को स्थगित कर अगली तारीख तय करने लिए राजभवन ने पत्र लिखा था। इस पत्र के बाद विवि प्रशासन ने बुधवार को नई तारीख की अधिसूचना जारी कर दी।

सीनेट की बैठक के दिन ही एकेडमिक काउंसिल और सिंडिकेट का चुनाव भी होगा। नए शेड्यूल के अनुसार सिंडिकेट चुनाव के लिए अब चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। आठ अप्रैल को स्क्रूटनी होगी। 11 अप्रैल को दोपहर एक बजे तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। 12 अप्रैल को दोपहर 2.30 से 4.30 तक मतदान होगा। 4.30 के बाद मतगणना होगी। एकेडमिक काउंसिल के लिए तीन अप्रैल तक नामांकन होगी। चार अप्रैल को स्क्रूटनी होगी। 11 अप्रैल को एक बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। 12 अप्रैल को चुनाव और मतगणना होगी। सीनेट सदस्य बनने के लिए छह स्नातकों का आवेदन भी मांगा गया था। इसकी आवेदन की तारीख अब 30 मार्च तक कर दी गई है। आवेदन अब विवि के पोर्टल पर ऑनलाइन भी किए जा सकेंगे।



- सिंडिकेट व एकेडमिक काउंसिल का चुनाव भी होगा
- विवि प्रशासन ने जारी की नई तारीख की अधिसूचना

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 20.03.2025, PAGE-08

### बीआरएबीयू प्रशासन ने तैयार की योजना, स्नातक थर्ड सेमेस्टर से होगी लागू

# विवि में परीक्षा खत्म होते ही शुरू हो जाएगी कॉपियों की कोडिंग

हि एक्सक्लूसिव

- परीक्षा खत्म होने के 20 दिन में जारी कर दिया जाएगा रिजल्ट
- कोडिंग होने के बाद तुरंत शुरू करा दी जाएगी कॉपियों की जांच

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में परीक्षा का रिजल्ट 20 दिनों में जारी करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। विवि के रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान के साथ यह योजना तैयार की है। इसके तहत स्नातक से लेकर पीजी तक की परीक्षाएं खत्म होते ही उसी दिन कॉपियों की कोडिंग शुरू कर दी जाएंगी।

कांपियों को परीक्षा खत्म होने के तुरंत बाद मूल्यांकन केंद्र भेज दिया जाएगा। अभी परीक्षा खत्म होने के लगभग 15 दिन बाद कांपियां मूल्यांकन केंद्र पहुंचती थीं और उसके बाद कोडिंग की प्रक्रिया शुरू होती थी। इस प्रक्रिया में रिजल्ट जारी होने में देरी होती थी। रजिस्ट्रार का कहना है कि इस योजना को कुलपति के सामने भी रखा जाएगा। वहां से निर्देश मिलते ही इस पर अमल किया जाएगा।

**सत्र नियमित करने के लिए हो रही कवायद :** बीआरएबीयू में स्नातक के सेमेस्टर सिस्टम का सत्र पटरी पर रहे, इसलिए विवि प्रशासन ने यह योजना तैयार की है। स्नातक का सत्र डेढ़ से दो महीने देरी से चल रहा है। इसलिए परीक्षा को समय पर लाने के लिए जल्दी रिजल्ट प्रकाशन पर जोर दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि स्नातक के तीसरे सेमेस्टर से ही यह नई पहल पर काम शुरू कर दिया जाएगा। मार्च महीने के अंतिम सप्ताह से तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होने की उम्मीद है।

## विषयवार कॉपियों के मूल्यांकन की तैयारी

बीआरए बिहार विवि प्रशासन विषयवार कॉपियों के मूल्यांकन की तैयारी कर रहा है। पहले जिस विषय की परीक्षा खत्म होगी उसकी कोडिंग कराकर मूल्यांकन भी शुरू कर दिया जाएगा। इससे कॉपियों का मूल्यांकन जल्दी खत्म हो जाएगा। विवि प्रशासन विषयवार रिजल्ट भी जारी कर उसे विवि की वेबसाइट पर अपलोड कराने की योजना तैयार कर रहा है।

## थर्ड सेमेस्टर में 1.10 लाख छात्रों की होनी है परीक्षा

बीआरएबीयू में एक लाख 10 हजार छात्रों की परीक्षा होनी है। एक लाख दस हजार के हिसाब से पांच लाख से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन परीक्षा के बाद होगा। बिहार विवि प्रशासन ने परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। एक हफ्ते में परीक्षा का शेड्यूल जारी होने की उम्मीद है। शेड्यूल जारी होने के बाद विवि की ओर से परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी कर दी जाएगी।

## तीन केंद्रों पर संगीत की प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में संगीत की प्रैक्टिकल परीक्षा बुधवार से तीन केंद्रों पर शुरू हो गई। परीक्षा के लिए एमडीडीएम कॉलेज, पंडित उगम पांडेय कॉलेज मोतिहारी और उर्मिला देवी सदानंद यादव कॉलेज सीतामढ़ी में केंद्र बनाया गया है। एमडीडीएम में मुजफ्फरपुर और वैशाली के कॉलेजों का केंद्र बना है। पंडित उगम पांडेय कॉलेज में पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के कॉलेजों का और उर्मिला देवी कॉलेज में सीतामढ़ी और शिवहर में छात्रों का केंद्र बनाया गए है। प्रैक्टिकल की परीक्षा 19 और 20 मार्च को होगी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:20.03.2025, PAGE-06**

# सीनेट की 12 अप्रैल को होगी बैठक

## सिंडिकेट के लिए चार तो एकेडमिक काउंसिल सदस्य पद पर तीन अप्रैल तक नामिनेशन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक 12 अप्रैल को होगी। बैठक के लिए नई तिथि की घोषणा विश्वविद्यालय स्तर से बुधवार को की गई है। पहले 27 मार्च को सीनेट की बैठक होनी थी। राजभवन के निर्देश पर बैठक की तिथि में बदलाव किया गया है। 28 मार्च तक विधानमंडल का सत्र चलेगा। ऐसे में कई सदस्य सीनेट की बैठक में शामिल नहीं हो सकते थे।

सीनेट की बैठक में ही सिंडिकेट के आठ सदस्यों और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव होगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय स्तर से सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए नामिनेशन की तिथि भी विस्तारित कर दी गई है। अब सिंडिकेट सदस्य की दावेदारी के लिए चार अप्रैल तक नामिनेशन किया जा सकेगा। वहीं आठ अप्रैल को स्क्रूटनी होगी। 11 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। 12 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक बैठक होगी। परिणाम बैठक के बाद जारी हो जाएगा।

**तीन अप्रैल तक होगा नामिनेशन :** दूसरी ओर एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए तीन अप्रैल तक नामिनेशन होगा। चार अप्रैल को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी होगी। 11 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। रजिस्ट्रार कार्यालय से नामिनेशन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। वहीं इसे कार्यालय अवधि में भरकर जमा किया जा सकता है। इसको लेकर रजिस्ट्रार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अंगीभूत कालेजों, संबद्ध कालेजों और पीजी विभागों के शिक्षकों ने सिंडिकेट सदस्य के पद के लिए नामिनेशन पर्चा प्राप्त किया है। सिंडिकेट सदस्य के लिए टीचर कैटेगरी में कोई भी शिक्षक अपनी दावेदारी कर सकते हैं। उन्हें केवल मतदाता सूची में शामिल सीनेट के शिक्षक सदस्य ही वोट करेंगे। इसी तरह नन टीचिंग कैटेगरी में नामिनेशन केवल वही कर सकेंगे जिनका नाम विश्वविद्यालय की ओर से जारी सीनेट सदस्य की सूची में नन टीचिंग कैटेगरी में नाम है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी मतदाता सूची में वोटर बनाए गए शिक्षक सदस्यों की संख्या 43 है। वहीं वोटर बनाए गए नन टीचिंग सदस्यों की संख्या 54 है।



## विश्वविद्यालय में सीनेट सदस्य नामित होने के लिए आनलाइन आवेदन कर सकेंगे ग्रेजुएट

- विश्वविद्यालय ने बढ़ाई तिथि, 30 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन
- स्नातक उत्तीर्णता का पांच वर्ष पूरा करने वाले राजभवन से होंगे नामित

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट सदस्य के रूप में छह रजिस्टर्ड ग्रेजुएट नामित होंगे। इसके लिए स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आनलाइन आवेदन की सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय के वेबसाइट से भी आवेदन किया जा सकेगा। एक से दो दिनों में यह सुविधा साइट पर उपलब्ध हो जाएगी। विश्वविद्यालय स्तर से इसके लिए आवेदन की तिथि विस्तारित करते हुए 30 मार्च कर दी गई है। पहले आवेदन कार्यालय में, हाथ से या स्पीड / पंजीकृत डाक से ही जमा किया जा सकता था। छह पंजीकृत स्नातकों को राजभवन के स्तर से सीनेट सदस्य नामित किया जाना है। स्नातक के बाद पांच वर्ष की अवधि पूरी कर चुके विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों को विश्वविद्यालय राजभवन भेजेगा। कुलाधिपति की ओर रजिस्टर्ड ग्रेजुएट के रूप में छह सीनेट सदस्यों को नामित किया जाएगा। इसको लेकर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नामित किए जाने वाले ग्रेजुएट में एक अनुसूचित जाति से, एक अनुसूचित जनजाति से और एक अन्य पिछड़ा वर्ग से होंगे। बताया गया है कि 31 दिसंबर 2024 तक स्नातक के बाद पांच वर्ष की अवधि पूरी कर ली है वे अपने आधार कार्ड के साथ-साथ अंकपत्र और अन्य दस्तावेजों के साथ रजिस्ट्रार कार्यालय में आवेदन करेंगे।

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 20.03.2025, PAGE-04

# सीनेट सदस्य के रूप में छह रजिस्टर्ड ग्रेजुएट नामित होंगे

**मुजफ्फरपुर** .बीआरएबीयू में सीनेट सदस्य के रूप में छह रजिस्टर्ड ग्रेजुएट नामित होंगे. इसके लिए स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आनलाइन आवेदन की सुविधा मिलेगी. विश्वविद्यालय स्तर से इसके लिए आवेदन की तिथि विस्तारित करते हुए 30 मार्च कर दी गयी है. स्नातक के बाद पांच वर्ष की अवधि पूरी कर चुके विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकेंगे. प्राप्त आवेदनों को विश्वविद्यालय राजभवन भेजेगा. कुलाधिपति की ओर रजिस्टर्ड ग्रेजुएट के रूप में छह सीनेट सदस्यों को नामित किया जाएगा.

**विवि के स्तर से छात्रों का बनेगा अपार कार्ड** :विवि के स्तर पर अब छात्रों का अपार कार्ड बनाया जायेगा. इसके लिए सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों से स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर के ऐसे छात्रों की जानकारी मांगी गयी है. जिनका अब तक अपार कार्ड नहीं बना है. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने कहा है कि जिनका अपार आइडी नहीं बना है, उनका विवरण निर्धारित फॉर्मेट में गुरुवार शाम 6 बजे तक भेज दें.

## विवि में सीनेट की 12 अप्रैल को होगी बैठक

**मुजफ्फरपुर**.बीआरएबीयू में सीनेट की बैठक 12 अप्रैल को होगी. पहले 27 मार्च को सीनेट की बैठक होनी थी. राजभवन के निर्देश पर बैठक की तिथि में बदलाव किया गया है. 28 मार्च तक विधानमंडल का सत्र चलेगा. ऐसे में कई सदस्य सीनेट की बैठक में शामिल नहीं हो सकते थे. बैठक के लिए नयी तिथि की घोषणा विश्वविद्यालय स्तर से बुधवार को की गयी है. सीनेट की बैठक में ही सिंडिकेट के आठ सदस्यों और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव होगा.

एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए तीन अप्रैल तक नामिनेशन होगा. चार अप्रैल को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी होगी, 11 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे. विवि स्तर से सिंडिकेट व एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए नामिनेशन की तिथि भी बढ़ा दी है. अब सिंडिकेट सदस्य की दावेदारी के लिए चार अप्रैल तक नामिनेशन किया जा सकेगा.